(ग) पिछले वर्ष और इस वर्ष इस संबंध में प्राप्त हुये सुझावों का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस मामले पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) :** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता है।

(ग) और (घ) कोयला खान भविष्य निधि संगठन से न्यासी बोर्ड द्वारा संगठन के कार्य निष्पादन की नियमित रूप में समीक्षा की जाती है ताकि इसके सदस्यों की सेवाओं में सुधार लाया जा सके, अत: इस संबंध में किसी विशिष्ट अथवा व्यक्तिगत सुझाव के बारे में सूक्ष्म निरूपण नहीं किया जा सकता है।

**कोयले से संश्लिष्ट तेल का उत्पादन**

**761. मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निम्न तापीय कार्बनीकरण कोयला संयंत्रों तथा कोयले से संश्लिष्ट तेल के उत्पादन का विस्तृत ब्यौरा क्या है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इस क्षेत्र में क्या प्रगति हुई है ; और

(ग) निकट भविष्य के लिये इस संबंध में क्या योजनायें हैं ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) :** (क) से (ग) भारत में वाणिज्यिक स्तर पर दो निम्न तापीय कोयला कार्बनीकरण संयंत्र कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार का एक संयंत्र पश्चिम बंगाल के दानकुनी में और दूसरा आंध्र प्रदेश के रामाकृष्णपुरम में अवस्थित है। भारत में वाणिज्यिक स्तर पर कोयला से सिंथेटिक आयल का उत्पादन किये जाने के लिये कोई संयंत्र विद्यमान नहीं है। किसी नये निम्न तापीय कोयला कार्बनीकरण संयंत्र अथवा कोयला से सिंथेटिक आयल का उत्पादन किये जाने के लिये संयंत्र स्थापित किये जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**कोयला और लिग्नाइट के क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठान**

**762. मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोयला और लिग्नाइट के क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इस समय कौन-कौन से प्रतिष्ठान संतोषजनक ढंग से कार्य नहीं कर रहे हैं ;

(ग) इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजित कुमार पांजा) :** (क) कोयला तथा लिग्नाइट के खनन में केन्द्रीय सरकार के निम्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम कार्यरत हैं:—

1. कोल इंडिया लि०, कलकत्ता अपनी निम्नलिखित सहायक कम्पनियों सहित :

(i) भारत कोकिंग कोल लि० (बीसीसीएल), धनबाद

(ii) ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० (ई.को.लि.), सैंकटोरिया

(iii) सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० (सें.को.लि.), रांची

(iv) वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि० (वें.को.लि.), नागपुर